अमर उजाला 14/02/2023

# स्वयंसेवकों को पढ़ाया ट्रैफिक नियमों का पाठ

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**अंबाला।** जीएमएन कॉलेज छावनी एनएसएस यूनिट द्वारा खुड्डा कलां में चलाए जा रहे सात दिवसीय शिविर के पांचवें दिन का आरंभ योग की विभिन्न मुद्राओं से हुआ। एनएसएस गीत के की ओर से स्वयंसेवकों में जोश भरा गया।

सत्र के आरंभ में महाविद्यालय के रोड सेफ्टी क्लब के सहयोग से ट्रैफिक पुलिस सब इंस्पेक्टर अनिल कुमार शर्मा की ओर से ट्रैफिक संबंधित नियम और चालान से स्वयंसेवकों को परिचित करवाया गया। उन्होंने बताया कि ट्रैफिक पुलिस वालों को हमें अपना दोस्त समझना चाहिए। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा दिये गए 112 नंबर पर आप अपनी कोई भी समस्या बता सकते हैं।

कॉलेज प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने बताया कि एनएसएस शिविर में अनेक तरह के कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। ट्रैफिक संबंधित सावधानियों से हमारे स्वयंसेवकों को परिचित करवाया गया। डॉ. धर्मवीर सैनी ने बताया कि शिविर में स्वयंसेवकों को ट्रैफिक नियमों के बारे में बताया गया। इस अवसर पर रोड सेफ्टी क्लब के नोडल ऑफिसर डॉ. चंद्रपाल पूनिया भी उपस्थित रहे।



**खुड्डा कलां में आयोजित एनएसएस शिविर में छात्रों को संबोधित करते इंस्पेक्टर। संवाद**